संख्या-5/1/2020-सी.पी.आई.

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004

दिनांक : 31 मार्च, 2020

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - फरवरी, 2020

फरवरी, 2020 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक घटकर 328 (तीन सौ अठ्ठाईस) अंकों के स्तर पर रहा। सूचकांक में जनवरी एवं फरवरी, 2020 के बीच 0.61 प्रतिशत की कमी रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच किसी प्रकार का बदलाव दर्ज नहीं किया गया।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 2.67 बिंदु प्रतिशत्ता का प्रभाव डाल कम किंया। मदों में, अरहर दाल, अण्डा-मुर्गी, ताजी मछली, पोल्ट्री चिकन, प्याज, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूलगोभी, खीरा, फ्रेंच बीन, लौकी, पालक, मटर, आलू, मूली, टमाटर, पेट्रोल, नहाने का साबुन, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, गेहूँ आटा, मूंगफली तेल, बकरे का मांस, भैंस का दूध, रसोई गैस, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

फरवरी, 2020 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 7.49 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 6.97 प्रतिशत की तुलना में 6.84 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 10.61 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 2.63 प्रतिशत की तुलना में 8.33 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, मुंगेर-जमालपुर के सूचकांक में अधिकतम 8 अंक की कमी रही जिसके बाद गिरिडीह में 7 अंक तथा तिरूचिरापल्ली, त्रिपुरा एवम् सूरत प्रत्येक में 6 अंक की कमी पाई गई। अन्य 11 केन्द्रों में 5 अंक, 5 केन्द्रों में 4 अंक, 18 केन्द्रों में 3 अंक, 21 केन्द्रों में 2 अंक एवम् 12 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, भावनगर में 4 अंक की वृद्धि पाई गई। शेष 5 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

34 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी मार्च, 2020 माह के लिए दिन बृहस्पतिवार, अप्रैल 30, 2020 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)

उप निदेशक